तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 धान खरीदी का चौथा दिन, 58 केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार



## बालको थाना क्षेत्र के ग्राम तरईडांड में 11 नवंबर को हुई थी वारदात

# सोने का हंडा हासिल करने की थी डकैती, 19 आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

### पड़ोसी ने ही डकैती की रची थी साजिश, आरोपियों से पिस्टल, हथियार, चार पहिया वाहन बरामद



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त चार पहिया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सप्ताह पूर्व ग्राम तरईडांड में हुई डकैती की वारदात को आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। डकैतों ने सोने का हंडा हासिल करने इस वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित किराना व्यापारी का पड़ोसी ही गिरोह का सरगना था, जिसने सोने का हांडा किराना व्यापारी के घर में गड़ा होने के अंदेशे से अपने साथियों के साथ मिलकर योजना बनायी थी और वादताद को अंजाम दिया। पुलिस वारदात में इस्तेमाल की गई चार फोरव्हीलर वाहन, कत्ता, पिस्टल सहित अन्य हथियार एवं 65 हजार रूपये नकद बरामद किया है। मामले में फरार चल रहे आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर व नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 नवंबर की रात बालको थाना क्षेत्र के ग्राम तरईडांड निवासी एवं किराना व्यवसायी शत्रुहन दास के घर डेढ़ दर्जन से अधिक सशस्त्र हथियार बंद लोगों ने घुसकर घर के 11 सदस्यों को बंधक बनाकर डेढ़ लाख रूपये नकद सोने, चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल लेकर फरार हो गए थे। डकैतों की धर पकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने डकैतों 5 टीम गठित की थी, जिसमें कुल 50 अधिकारी कर्मचारी शामिल थे, जो पिछले कई दिनों से दिन रात आरोपियों की धर पकड़ के प्रयास में जुटे हुए थे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली की शत्रुहान दास का पड़ोसी साहिब दास 44 वर्ष पिता लक्ष्मण दास ने ही डकैती की वारदात को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। साहिब दास को अंदेशा था कि शत्रुहन दास के घर सोने का हंडा गड़ा हुआ है और उसके पास करोड़ों की संपत्ति है। सोने का हंडा हासिल करने के लिए साहिल दास व उसके परिवार के सदस्य विशास दास 36 वर्ष पिता मुकुलदास व उसका पुत्र सुनील दास पिता साहिब दास, कटघोरा बस स्टैंड निवासी चंद्रकांत डिक्सेना 39 वर्ष पिता भूषणलाल डिक्सेना ने मिलकर योजना बनायी थी और 11 नवंबर की रात अपने साथियों के साथ 4 गाड़ियों में भरकर शत्रुहान दास के घर पहुंचे और डकैती की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस डकैती के मामले में कुल 19 आरोपियों को कोरबा सहित पड़ोसी जिले में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस 65 हजार रूपये नकद, हथियार व वारदात में इस्तेमाल की गई चार पहिया वाहन को जब्त किया है। मामले में कुछ आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।



जब्त हथियार।

### 6 नवंबर की रात भी डकैती का हुआ था प्रयास

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर ने बताया कि साहेब दास, शत्रुहन दास का पड़ोसी है और उसे साहेब दास की हर गतिविधि के बारे में जानकारी थी और उसे यह अंदेशा था कि शत्रुहन के घर करोड़ों की संपत्ति है। 6 नवंबर को डकैती डालने के लिए शत्रुहन के घर पहुंचा था, उसने गांव में पहले रेंकी भी की थी, लेकिन 6 नवंबर को जब गिरोह के सदस्य पहुंचे तो शत्रुहन दास के घर के आसपास रहने वाले कुछ लोग जाग गए थे और वे अपने योजना में सफल नहीं हो पाए थे, जिसके बाद उन्होंने फिर से 11 नवंबर को योजना बनायी और देर रात को सभी डकैत अलग अलग दिशाओं से चार पहिया वाहन में पहुंचे थे और शत्रुहन के घर घुसकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

### इन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

डकैती की वारदात में शामिल कुल 19 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शत्रुहन का पड़ोसी ग्राम तरईडांड निवासी साहिब दास 44 वर्ष पिता लक्ष्मण दास महत, विदेशी दास 36 वर्ष पिता मुकुलदास, सुनील दास महंत उम्र 35 वर्ष पिता साहिब दास महंत, जिला जांजगीर चांपा के ग्राम खम्हरिया निवासी नंदकिशोर राठौर 34 वर्ष पिता धनीराम राठौर, पाली निवासी पवन पूजन सिंह 45 वर्ष पिता उदियार सिंह गोड़, जिला जिला जांजगीर-चांपा बिर्रा निवासी संतोष कुमार श्रीवास 48 वर्ष पिता नोमन श्रीवास, जांजगीर चांपा तालदेवी बिर्रा निवासी उमेश सिंह ठाकुर 31 वर्ष पिता नरेन्द्र सिंह ठाकुर, बाकीमोंगरा बेजीनारा निवासी समार सिंह 60 वर्ष पिता बीरबल गोंड़, कमरीद सरगांव निवासी कलेश्वर सिंह 27 वर्ष पिता अतिंक सिंह, हरभोंठा, थाना बाकीमोंगरा निवासी रतिराम सिंह 54 वर्ष पिता भोंदूराम, बाँकीमोंगरा बस स्टैण्ड कटघोरा निवासी चन्द्रकांत डिक्सेना पिता 39 वर्ष पिता भूषण लाल डिक्सेना, बरेडीगुड़ा दर्री निवासी नरसिंह दास 40 वर्ष पिता कंवेल दास, चिर्रा निवासी श्याम जायसवाल 28 वर्ष पिता मिठाई लाल जायसवाल, बोईदा निवासी गोरेलाल पटेल 36 वर्ष पिता अनुजराम पटेल, रितेश श्याम 46 वर्ष पिता संतराम श्याम, रेंगी बाजारपारा हरदीबाजार निवासी गुनितराम पटेल 60 वर्ष पिता रामादीन पटेल, कुम्हारपारा हरदीबाजार निवासी शंकर पटेल उर्फ छोंदू 28 वर्ष पिता जोधराम पटेल, दरभाभा कटघोरा निवासी प्रदीप यादव उर्फ लल्लू 23 वर्ष पिता समारू यादव, सुतर्रा निवासी अर्जुन विश्वकर्मा 19 वर्ष पिता अजय विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### मेडिकल हॉस्पिटल में परिजनों ने जमकर मचाया हंगामा



डकैती कांड में शामिल 19 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच मुलाहिजा कराने के लिए दोपहर मेडिकल हॉस्पिटल लाया था। इस दौरान ग्राम तरईडांड निवासी साहिब दास के परिजन महिला एवं पुरूष बड़ी संख्या में मेडिकल हॉस्पिटल जा पहुंचे और पुलिसिया कार्यवाही को गलत बताते हुए पुलिस पर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी कर हंगामा करने लगे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों की मौके सशस्त्र चाकचौबंद व्यवस्था थी। मुलाहिजा के दौरान घंटों मेडिकल हॉस्पिटल में नारेबाजी का दौर चलता रहा। मुलाहिजा के बाद पुलिस अधिकारी योजनाबद्ध ढंग से पुलिस वैन लेकर पहुंचे और आरोपियों को वैन में बैठाकर सीधे थाने ले जाने की बजाए जिला जेल ले गए और सभी आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया। जिसके बाद कुछ परिजन जिला जेल भी जा पहुंचे थे। देर शाम होते ही परिजन अपने अपने घर लौट गए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस आज मनाएगी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती



**कोरबा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंदिरा स्टेडियम में जयंती पर्व मनाया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय नत्थुलाल यादव एवं मनोज चौहान ने बताया कि 19 नवंबर को सुबह 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अध्यक्ष द्वय ने जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, समस्त पार्षद व पूर्व पार्षद, एल्डरमेन, जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित समस्त प्रकोष्ठों एवं इंटक परिवार के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति सहित कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना (ग्रामीण) तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली में आंगनबाड़ी कार्यकता एवं सहायिका भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र मसान 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र कोलिहाडीह-2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु इच्छुक आवेदिकाओं से 4 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी तरह एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कंवरपारा (जमनीपाली) में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी केन्द्र तालाबभाठा (पुरैना) में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती हेतु 2 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### अवैध धान आवक-विक्रय के पर्यवेक्षण हेतु तहसील स्तरीय जांच दल गठित

**कोरबा।** कलेक्टर द्वारा धान खरीदी केंद्रों में अन्य राज्यों के अवैध धान की आवक व विक्रय के रोकने के लिए एवं कोचियों, बिचौलियों से अवैध धान खरीदी पर सतत निगरानी रखने हेतु तहसील स्तरीय जांच दल का गठन किया गया है। जिनमें तहसील कोरबा हेतु जांच दल में तहसीदार बजरंग साहू, नायब तहसीलदार सविता सिदार और सहकारिता निरीक्षक जीआर भतरा शामिल हैं। इसी प्रकार तहसील भैंसमा हेतु जांच दल में तहसीलदार केके लहरे, नायब तहसीलदार मधुसुदन, खाद्य निरीक्षक रवि कुमार राज और सहकारिता विस्तार अधिकारी सुभद्रा सिदार शामिल हैं। तहसील अजगरबहार हेतु तहसीलदार लीलीधर ध्रुव, नायब तहसीलदार विमल खांडेकर और वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक संतोष कुमार कंवर जांच दल में शामिल हैं।

## एसईसीएल के पांच अधिकारियों का किया गया तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल ने हाल में ही अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जारी आदेश में जिले के पांच अधिकारी शामिल है। उनमें एक अधिकारी ऐसे हैं जो 20 वर्षों से एक ही विभाग में पदस्थ थे। एसईसीएल के जीएम मानव संसाधन की ओर से जारी आदेश के अंतर्गत एसईसीएल ने 13 अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिनमें ई-8 श्रेणी के महाप्रबंधक गौरीशंकर प्रसाद को गेवरा एरिया से चिरमिरी एरिया में ई एंड एम का स्टॉफ ऑफिसर बनाया गया है। 30 नवंबर से उनकी सेवाएं इस रूप में प्राप्त होंगीं।

सूत्रों के अनुसार महाप्रबंधक गौरीशंकर प्रसाद बहुत लंबे समय से गेवरा परियोजना में ई एंड एम में जीएम का काम देख रहे थे। इसी तरह कोरबा एरिया में जीएम थीरू कुमारन एस का स्थानांतरण कुसमुंडा कर दिया गया है। वे यहां पर स्टाफ ऑफिसर ई एंड एम का काम देखेंगे। प्रबंधन ने दीपका ओपन कास्ट माइंस के महाप्रबंधक शंभूचरण प्रसाद को इस जिम्मेदारी से मुक्त किया है और उन्हें मध्यप्रदेश स्थित एसईसीएल के जोहिला एरिया में ई एंड एम विभाग का स्टाफ ऑफिसर पदस्थ किया है। असिस्टेंट मैनेजर मो. उस्मान को दीपका एरिया से हटाकर हसदेव एरिया भेजा गया है जबकि सीनियर ऑफिसर हरिहर प्रसाद सोनी को कुसमुंडा से मुक्त करते हुए कोरबा एरिया के रजगामार 6-7 माइंस में पदस्थ किया गया है। प्रबंधन के द्वारा जारी सूची में नरेश मिडथणा मैनेजर को हसदेव एरिया से दीपका पदस्थ किया गया है। जोहिला एरिया के कार्यकारी एसओ ई एंड एम लोकेश कुमार मालव को दीपका एरिया में पदस्थ करने के आदेश दिए गए हैं। रायगढ़ एरिया के जीएम रमेश प्रसाद पटेल को गेवरा एरिया, एस बाबू शंकर महाप्रबंधक को जमुना कोतमा एरिया से कोरबा एरिया का एसओ ई एंड एम पदस्थ किया गया है।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एकजुट होकर ली शपथ

**कोरबा।** राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग के माध्यम से जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एकजुट होकर शपथ ली। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई और इस अवसर पर युवाओं की राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। बैठक में सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं, जिनका समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें। देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए, आज हम नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते हैं कि न केवल हमारा समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। आइए हम मिलकर अपने जिले/राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प करें कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं अपने देश को नशा मुक्त बनाने के लिए भरसक प्रयास करूंगा।

## युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही से जिले में 20 स्कूल हुए बंद, 415 किए गए मर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत शुरु की गई कार्यवाही में जिले में 435 स्कूलों को आसपास के स्कूलों में मर्ज किया गया है इनमें प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक के साथ हाईस्कूल भी शामिल है। शिक्षा विभाग ने डीपीआई को भेजी गई जानकारी में पूरा विवरण सौंपा है। इन स्कूलों के शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में पदस्थ किया गया है जहां शिक्षकों की कमी बनी हुई थी।

जून माह में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही शासन की नई नीति के तहत की गई थी। इस नीति के अंतर्गत शिक्षकों को ऐसे स्कूलों में पदस्थ करना था जहां शिक्षकों की कमी पहले से बनी हुई थी। इसके अलावा एक ही परिसर में चलने वाले प्राइमरी स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी को शामिल किया गया। जिसमें छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की पदस्थापना हुई उसके बाद ऐसे स्कूलों को मर्ज करने की भी कार्यवाही शुरु की गई। इस प्रक्रिया के तहत कुल 435 स्कूलों को मर्ज किया गया है। ये सभी स्कूल ग्रामीण अंचल में आते हैं। युक्तियुक्तकरण के बाद प्राइमरी स्कूल से लेकर हाईस्कूल तक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना हुई। 5 माह बाद डीपीआई ने युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज हुए एवं बंद स्कूलों की जानकारी मांगी थी। विभाग के द्वारा डीपीआई को भेजी गई जानकारी में 14 प्राइमरी स्कूल को बंद बताया गया है एवं 6 माध्यमिक स्कूलों को बंद बताया गया है।

### मर्ज और बंद स्कूलों का विवरण

| स्कूल | बंद स्कूल | मर्ज स्कूल |
|---|---|---|
| प्राथमिक शाला | 14 | 348 |
| पूर्व माध्यमिक शाला | 06 | 65 |
| हाईस्कूल | 00 | 02 |
| हायर सेकेण्डरी | 00 | 00 |
| कुल | 20 | 415 |

### डीपीआई को भेजी गई जानकारी

युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज स्कूलों की जानकारी मांगी गई थी। जिसके तहत 20 स्कूल बंद हुए हैं। 415 स्कूल मर्ज हुए हैं। कुल 435 स्कूलों को मर्ज स्कूलों की श्रेणी में शामिल किया गया है।

**- टी पी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

## चार हेक्टयर की खड़ी फसल को हाथियों ने किया चौपट

# बालको रेंज में 12 हाथी, कॉफी प्वाइंट के रास्ते को किया गया बंद


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको रेंज के गहनिया केसलपुर के आसपास विचरण कर रहे 12 हाथियों का झुंड क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। खतरे को देखते हुए वन विभाग ने बालको बेरियर के समीप केरिकेट्स लगाकर पर्यटकों के लिए रास्ता बंद कर दिया है। साथ ही सुरक्षा गार्डों की भी तैनाती की गई है ताकि कोई बड़ी जनधन की हानि न हो।

कोरबा वनमण्डल के बालको वन परिक्षेत्र में 12 हाथियों के झुंड की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है, वन विभाग हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। कॉफी प्वाइंट मुख्य मार्ग के होकर पिकनिक मनाने जाने वाले लोगों को अस्थाई रूप से वापस लौटाते हुए लोगो से अनावश्यक उक्त मार्ग का प्रयोग करने से बचने की सलाह वन विभाग दे रहा है। मंगलवार की सुबह 12 हाथियों का झुंड विचरण करते हुए गहनिया केसलपुर परिसर पहुंच गया है, वन विभाग हाथियों की मॉनिटरिंग करने के साथ ही आसपास के ग्रामों में मुनादी कराई गई हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों एवं पर्यटकों से उक्त क्षेत्र में आवाजाही करने के दौरान सतर्क रहने की अपील लोगों से की है। वन विभाग ने ऐतिहात बरतते हुए कॉफी प्वाइंट जाने वाले मुख्य मार्ग में वन विभाग के कर्मचारियों की तैनाती कर दी हैं, पिकनिक मनाने जा रहे लोगों को हाथियों की मौजूदगी के कारण बालको नगर फॉरेस्ट बैरियर से फिलहाल वापस लौटा दिया जा रहा था। बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार ने बताया कि बालको बेरियर के आगे पर्यटकों को जाने की पूरी मनाही है।




केसलपुर बैरियर को किया गया बंद।



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से रेलवेकर्मी घायल

बिलासपुर। कार क से स्कूटी सवार रेलवेकर्मी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्ण नगर निवासी रेलवेकर्मी मनोज प्रसाद शर्मा 59 साल 17 नवंबर को दोपहर 12.50 बजे घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू, 5792 से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। छठघाट पुल के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 08 एके, 0176 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। हादसे में श्री शर्मा घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एम्बुलेंस की टक्कर से दो युवक घायल

बिलासपुर। एम्बुलेंस की टक्कर से एक्टीवा सवार दो युवक घायल हो गए है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार जूना बिलासपुर उदई चौक निवासी राहुल शर्मा पिता सनत शर्मा 17 नवंबर की रात अपने दोस्त गणेश शर्मा के साथ अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीएल, 3370 में अपोलो हास्पिटल से घर लौट रहे थे। शनिचरी बाजार शुलभ के पास सामने से आ रहे अज्ञात एम्बुलेंस के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी एक्टीवा को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने राहुल शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात एम्बुलेंस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चक्काजाम करने वाले पांच आप नेता गिरफ्तार व रिहा

बिलासपुर। फिलिस्तानी झंडा फहराने के मामले में आरोपियों के गिरफ्तारी की विरोध में कलेक्ट्रोरेट के सामने चक्काजाम करने के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के 5 नेताओं को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, पूर्व में तारबाहर क्षेत्र में कुछ लोगों के द्वारा फिलिस्तानी लगाकर फहरा दिया गया था। जिसकों लेकर क्षेत्र में जमकर हंगामा मचाते विरोध प्रर्दशन किया गया था। झंडा फहराने व हंगामे का वीडियों सोशल मीडियों जोरों से वायरल हुआ था। एसएसपी रजनेश सिंह ने तत्कालीन तारबाहर टीआई गोपाल सतपथी को लाइन अटैच कर दिया था। उसके बाद झंडा फहराने वालों को गिरफ्तार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी की विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा कलेक्ट्रोरेट के सामने चक्काजाम कर दिया गया था। जिससे दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जाम में फंसकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने चक्काजाम करने वाले नेताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया था। 18 नवंबर को पुलिस ने आम आदमी पाटी की नेता प्रियंका शुक्ला, जशबीर सिंह, विवेक यादव, लखन सुबोध, सलबेन को गिरफ्तार कर मुचालका जमानत पर छोड़ दिया है।

### कल शहर के इन मार्गों पर आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

अम्बिकापुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के सरगुजा आगमन के दौरान सुरक्षागत कारणों से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही कई मार्गों को डायवर्ट किया गया है। राष्ट्रपति के आगमन व पीजी कॉलेज मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान आम जनता को यातायात के सम्बन्ध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए अंबिकापुर शहर व अंबिकापुर से होकर आने-जाने वाले वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था सुगम व व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके इस हेतु सरगुजा पुलिस द्वारा सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें राष्ट्रपति के आगमन पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक आकाशवाणी चौक से पॉलिटेक्निक कॉलेज गेट नं-1 (रिंग रोड) तक व घड़ी चौक से किसान राइस मील मोड़ मेन रोड तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार मनेन्द्रगढ़ रोड व बनारस रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन हेतु डायवर्ट मार्ग साईं मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेजीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर रोड होते हुए गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड, बस स्टैंड है। बलरामपुर रोड व प्रतापपुर रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड होते हुए प्रतापपुर चौक, लरंगसाय चौक, चाँदनी चौक, सद्भावना चौक, भारतमाता चौक, बस स्टैंड की ओर से होते हुए अपने-अपने गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे। रायगढ़ रोड व बिलासपुर रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड होते हुए भारतमाता चौक, बिलासपुर चौक, नया बस स्टैंड, मासूम अस्पताल के पास गंगापुर मोड़, माखन विहार तिराहा, एमजी रोड की ओर से अपने-अपने गंतव्य स्थान की ओर जाएंगे।

**सर्किल में 50 फीसदी ही लक्ष्य पूरा**


**विभाग की कवायद के बावजूद नहीं लग सके स्मार्ट मीटर, उपभोक्ता बिचक रहे**

# 7 लाख उपभोक्ता में महज आधे घरों तक पहुंचा स्मार्ट मीटर, बिल बढ़ने का भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल चुकाना पड़ रहा है, इसकी शिकायत भी विभाग के पास पहुंच रही है, लेकिन अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि विभाग के अधिकारियों की लाख कोशिशों के बाद भी स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। 7 लाख 61 हजार घरों में से महज 3 लाख घरों में ही मीटर लगाया जा सका है। यानी आधे घरों में अभी भी मीटर लगाना बाकी रह गया है।

स्मार्ट मीटर लगाने का काम शहरीय क्षेत्रों में काफी धीमी गति से चल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों में बिजली बिल का बढ़ना है। विभाग के अधिकारी इसे भ्रांति बता रहे है जबकि हकीकत को लेकर कोई टेस्ट रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। जिन उपभोक्ताओं ने शिकायत की है, उन्हें आधी अधूरी जानकारी के साथ वापस भेज दिया जाता है। बिजली विभाग द्वारा 7 लाख 61 हजार 843 मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया था,यह लक्ष्य 6 माह में पूरा किया जाना था, लेकिन डेढ़ साल बाद 3 लाख 22 हजार 914 मीटर ही लग सका है। वहीं कर्मशियल मीटर के लिए 16 हजार 500 मीटर का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 11 हजार 522 मीटर लगाया जा चुका है।



### एमपी में हो चुका है विरोध


जानकारों के अनुसार मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का तगड़ा विरोध हो चुका है, जिसके बाद इसे लगाने की अनिवार्यता 31 मार्च 2028 तक बढ़ाई गई है। यानी उपभोक्ताओं को विकल्प मिल गया है कि पारंपरिक मीटर को 2028 तक रख सकते है। दरअसल मध्यप्रदेश की जनता स्मार्ट मीटर लगाने के बाद आने वाले बेहिसाब बिल से हलाकान हो चुकी है, जिसके बाद विरोध शुरू हुआ था, अक्टूबर माह में ही कंपनी ने इसकी अनिवार्यता हटाई है।

### मार्च महीने का अल्टीमेट

जीनस कंपनी द्वारा मीटर लगाने के लिए 350 कर्मचारियों को काम में लगाया गया है। बिलासपुर संभाग के बिलासपुर शहर व ग्रामीण, जीपीएम,मुंगेली, कोरबा शहर –ग्रामीण व रायगढ़ में 7 लाख 61843 मीटर लगाने का लक्ष्य दिया गया है।लक्ष्य के अनुपात में कर्मचारी की संख्या काफी कम है। एक कारण यह भी है जिसके चलते मीटर लगने में देरी हो रही है। हाल ही में कंपनी को मार्च महीने तक टारगेट पूरा के निर्देश मिले है। जानकारी के अनुसार शहर में 54 प्रतिशत और ग्रामीण में 41 प्रतिशत काम पूरा कर किया गया है। इसके अलावा पेंड्रा, मुंगेली, कोरबा, कटघोरा को मिलाकर 43 प्रतिशत काम पूरा किया गया है।

**निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा**

# अवैध निर्माण पर रोक नहीं, बिना अनुमति घर और दुकानें बन रहे, तानी जा रहीं बिल्डिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में 8 जोन हैं। यहां 8 जोन कमिश्नर के साथ ही भारी भरकम अमला है। इसके बाद भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक नहीं लग पा रही है। बिना अनुमति घर और दुकान बन रहे हैं तो बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तन जा रही हैं। यहां तक की आवासीय क्षेत्र में घर के परमिशन पर काम्प्लेक्स बन रहे हैं।

निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा है। जिले की बात करें तो पिछले 5 सालों में 8 हजार से अधिक निर्माण अवैध की श्रेणी में है। इनमें नक्शे के विपरीत बिना नक्शा पास अनुमति से अधिक निर्माण मिले हैं। दरअसल शहर विस्तार के साथ ही नए मकान, दुकान, कॉम्प्लेक्स, और टावर का निर्माण लगातार हो रहा है। निर्माण के साथ ही लोग नक्शा पास करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। साथ ही नक्शे के विपरीत निर्माण कराने लगे हैं। कुछ लोग तो नक्शे से ज्यादा भी निर्माण कर लेते है। इसे देखते हुए नगर निगम की पिछली बैठक में तय किया गया था कि आर्किटेक्ट्स और इंजीनियर भी अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार होंगे। इसके बाद भी लेकिन नियमों के खिलाफ दुकान बन रहें और अधिकारी मूक दर्शक हैं। कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। हाल ही में कुछ घटनाओं में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण, बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग बनाने के लगातार मामले सामने आएं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

- **निगम क्षेत्र में 8 जोन, यहां जोन कमिश्नर के साथ ही भारी भरकम अमला लेकिन फील्ड पर ध्यान नहीं**

### गंगाश्री टॉकिज के सामने तीन मंजिला भवन बन रहा

गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने निगम के साथ ही जोन आफिस से की है। क्षेत्र के सीएल सूर्यवंशी द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि इस निर्माण के लिए टाउन कंट्री प्लैनिंग, पीडब्ल्यूडी, व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही निगम के के इंजिनियर, जोन कमिश्नर और पटवारी पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही सड़क में ट्रैफिक की समस्या की बात भी कही गई है। निगम ने नोटिस की बात कहते हुए जिम्मेदारी पूरी कर ली है।

### पुराना बसस्टैंड की 20 फिट सड़क पर कब्जा

शिव टॉकीज चौक से पुराना बसस्टैंड के बीच में स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यहां 40 फीट चौड़ी सड़क थी, लेकिन संचालक ने एक रसूखदार ने आधे हिस्से यानी 20 फीट पर कब्जा कर वहां किचन का निर्माण करा लिया है। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से शिकायत करते हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। निगम की ओर से तीन बार नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगा गया लेकिन अवैध कब्जाधारी ने जवाब तक नहीं दिया। निगम ने तहसीलदार को सीमांकन के लिए पत्र लिखा है। सीमांकन के बाद इस मामले में तोड़फोड़ की बात कही जा रही है।

### सिंधी धर्मशाला के सामने कमर्शियल बिल्डिंग

जूना बिलासपुर, वार्ड क्रमांक-33 में सिंधी धर्मशाला के सामने आवासीय नक्शे पर कमर्शियल बिल्डिंग खड़ी कर दी गई है। शिकायत के बाद निगम ने नोटिस जारी किया, पर कार्रवाई नहीं हुई। कहा जा रहा है कि बिल्डिंग मालिक को एक भाजपा नेता का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से अधिकारी नोटिस से आगे नहीं बढ़ पा रहे। ध्यान रहे कि इसी तरह शहर के जोन 4 विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। नोटिस के बाद निगम ने इन दुकानों को हालांकि तोड़ दिया है। कालोनीवासियों ने बताया कि रजिस्ट्री पेपर में सामने की सड़क में 48 फीट जमीन है, लेकिन निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया गया था।

### अवैध निर्माण के और भी मामले

**केस 1** **जवाली नाले पर अवैध निर्माण:** जवाली नाले की सरकारी जमीन पर एक चार मंजिला कमर्शियल इमारत बनाई गई है। हालांकि, अभी तक नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**केस 2** **उसलापुर ओवरब्रिज:** उसलापुर ओवरब्रिज के पास एक मकान को बिना अनुमति के बनाने की कोशिश में निगम ने बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया था। इस दौरान जमकर हंगामा मचा।

**केस 3** **इंदु चौक पर अवैध शादी घर:** इंदु चौक के पास बिना अनुमति के बनी दोमंजिला शादी घर और लॉन को निगम ने ध्वस्त कर दिया था, क्योंकि मालिक ने आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे। हालांकि सवाल उठा कि इतना बड़ा निर्माण हो कैसे गया और किसी अधिकारी का ध्यान तक कैसे नहीं गया।

### अवैध निर्माण में लगातार कार्रवाई

इस बारे में शिकायत की जानकारी मिली है। जोन आफिस से इस प्रकरण के बारे में पूरी डिटेल्स ली जाएगी। बिना नक्सा पास कराए तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया गया है तो गलत है। बस स्टैंड और जूना बिलासपुर में हुए अवैध निर्माण की भी पूरी जानकारी ली जा रही है।

- श्रीमती पूजा विधानी
महापौर, बिलासपुर

**लालखदान रेल हादसा**

## जरूरी दस्तावेज लेकर रवाना हुए डिवीजन के अफसर




बिलासपुर। लालखदान रेल हादसे के मामले में रेल मंत्रालय के आदेश पर रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। कोलकाता वापस जाने के बाद उनके आदेश पर बिलासपुर डिवीजन के चार अफसर जरूरी दस्तावेज लेकर रवाना हो गए हैं, जिसे चेक करने के बाद श्री मिश्रा अपनी जांच को आगे बढ़ाएंगे।

- **सीआरएस कर रही जांच, बीच-बीच में मंगाया जा रहा है रेल मंडल से साक्ष्य**

बिलासपुर रेल मंडल के लाल खदान में हुए मेमू रेल हादसे की जांच कर रहे आयुक्त रेल सेफ्टी बीके मिश्रा ने बिलासपुर जोन और डिवीजन के चार अफसरों को दस्तावेज के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचने के निर्देश दिए थे। बिलासपुर डिवीजन के सभी अफसर उन विभागों के प्रमुख हैं जिन विभागों की दुर्घटना की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका है। जांच के दौरान इन सभी विभागों से संपूर्ण जानकारी सीआरएस को नहीं मिल पायी है। गौरतलब है कि गेवरा से बिलासपुर आ रही मेमू लोकल ट्रेन 4 नवंबर को लालखदान के पास मालगाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे की जांच के लिए दक्षिण पूर्वी सर्किल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने 5 नवंबर को बिलासपुर पहुंचने के बाद गतौरा रेलवे स्टेशन के ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम के पैनल की जांच करने के बाद ट्रेन के परिचालन के की जानकारी जुटाई। करीब 2 घंटे वहां पर रहने के बाद वे लालखदान स्थित दुर्घटना स्थल पर पहुंचे थे। 6 से 9 नवंबर तक उन्होंने डीआरएम कार्यालय में 28 लोगों से पूछताछ की। अंतिम दिन उन्होंने चार विभाग प्रमुखों से भी घंटों चर्चा करने के बाद उनसे दस्तावेज मांगे थे, लेकिन अफसरों के पास कुछ दस्तावेज मौजूद नहीं थे। यहां से जाने के पांच दिन बाद सीआरएस ने चारों विभागीय प्रमुखों को जानकारी लेकर कोलकाता बुलवाया था, इसमें प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डिपार्टमेंट, प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर शामिल हैं। इन अफसरों से जो जानकारी मांगी गई है उसके मुताबिक सहायक लोको पायलट की वस्तुस्थिति उसका बयान, दोनों के फोन कॉल रिकार्डिंग, वाट्सऐप चेटिंग, यूट्यूब यूज का समय, इंजन के कैमरे की वाइस व वीडियो रिकार्डिंग सहित कुछ अन्य तरह की जानकारी शामिल है। यह चारों अफसर बिलासपुर से कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं।

### वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। सोशल मीडिया में व्यापार विहार शराब दुकान के पास मारपीट होने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 17 नवंबर को सोशल मीडियों में व्यापार विहार स्थित शराब दुकान के युवकों के बीच मारपीट होने वीडियो जोरो से वायरल हो रहा था। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए मारपीट कर शहर में अशांती फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने तारबाहर पुलिस के साथ वीडियो का अवलोकन करने के बाद मारपीट करने वाले युवक की पहचान कर चंदेला नगर निवासी दुर्गेश साहू पिता महेत्तर साहू 27 साल को पकड़ लिया है।

## बाइक भिड़ंत में किशोर की मौत, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बीती रात पेटला चौक पर हुए बाइक भिड़ंत में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से दो को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है जबकि शव को पीएम उपरान्त पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात 8 बजे एक बाइक पर सवार चार युवक सीतापुर से ग्राम पेटला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अन्य बाइक पर सवार दो युवक पेटला से अपने गृह ग्राम सरगा जा रहे थे। इस दौरान पेटला चौक पर दोनों बाइक सवारों के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेटला की ओर जा रहे बाइक सवार चार युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतकों और घायलों को अस्पताल भेजा। इस दौरान दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान पेटला कुम्हारपारा निवासी 16 वर्षीय रोहित प्रजापति आ. रामविलास प्रजापति के रूप में की गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच जारी है। पेटला चौक में हुई बाइक दुर्घटना की वजह नशा एवं अनियंत्रित रफ्तार को बताया जा रहा है। बाइक सवार युवक नशे में धुत्त थे और काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। सड़क हादसे में बेटे की असमय मौत से घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

- **पेटला चौक पर हुई घटना, नशे में धुत थे बाइक सवार**





अस्पताल में दाखिल घायल।

### ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष ने लगाया लापरवाही का आरोप

पेटला चौक में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हॉस्पिटल पहुंचे घायल युवक उपचार के अभाव में काफी देर तक तड़पते रहे। इस संबंध में ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल युवकों को हॉस्पिटल में कोई देखने वाला नही था। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर द्वारा घायलों के उपचार को लेकर गम्भीर नजर नही आ रही थी। जिसकी वजह से घायलों की स्थिति बिगड़ने लगी थी। जिसके बारे में कई बार डॉक्टर को अवगत कराया गया पर उन पर इसका कोई असर पड़ता नजर नही आ रहा था। काफी देर तक दर्द के मारे घायल चीखते चिल्लाते रहे तब जाकर उनका उपचार शुरू किया गया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कायाकल्प पर तंज कसते हुए कहा कि इससे मरीजों को कोई फायदा नहीं होने वाला। इससे अच्छा होता कि यहाँ की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार किया जाता ताकि उसका लाभ मरीजों को मिल पाता।

## ओला कंपनी का मालिक बताकर लोगों से किराए पर गाड़ी लेकर नहीं लौटाने वाला सरगना गिरफ्तार

बिलासपुर। ओला कंपनी का मालिक बताकर लोगों से किराए में गाड़ी लेकर पैसा व गाड़ी नहीं लौटाने वाले सरगना को पीड़ितों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक गाड़ी जब्त कर लिया है।

राजकिशोर नगर तुलसी आवास निवासी हरेमुरारे यादव पिता स्व. दशाराम यादव ने रिपोर्ट लिखाई। वह अपनी डिजायर क्रमांक सीजी- 10 एवाय, 5487 को किराए में चलाते थे। किराए में नहीं चलने पर उन्होंने अपनी कार ओला कंपनी में देने का मन बनाया। फरवरी 2025 में उनकी राजकिशोरनगर कल्याण बाग निवासी सुवर्णो घोषाल पिता विकास घोषाल 26 साल से मुलाकात हुई। उन्होंने घोषाल से अपनी कार ओला कंपनी में चलवाने की बात की। जिस पर सुवर्णो घोषाल ने कहा कि वह स्वयं ओला कंपनी चलाता है और डिजाइर कार के लिए 24 हजार रुपए प्रतिमाह किराया देने की बात भी कही। हरेमुरारे यादव विश्वास में आ गए और अपनी कार किराए में दे दी। घोषाल ने एक बाद डेढ़ माह का किराया लगभग 30 हजार रुपए दिया भी लेकिन उसके बाद किराए का पैसा देने में टालमटोल करने लगा। 10 मई 2025 को श्री यादव ने बजरंग चौक राजकिशोरनगर के पास सुवर्णो घोषाल से मुलाकात की और गाड़ी के साथ पैसा वापस मांगा। घोषाल ने लेकिन विवाद किया और कहा कि ना कोई किराया दूंगा, और ना गाड़ी वापस करूंगा। इसी तरह अशोकनगर अटल आवास निवासी अजय श्रीवास पिता स्व. अयोध्या श्रीवास की कार क्रमांक सीजी 04 पीक्यू, 9699 को किराए पर लेकर भी घोषाल ने किराया और गाड़ी नहीं लौटाया। इसी तरह अन्य लोगों से भी ओला कंपनी में गाड़ी चलाने के लिए किराए में लेकर गाड़ी व पैसा नहीं लौटाने की जानकारी भी मिली। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की रिपोर्ट पर अलग अलग बीएनएस की धारा 316, 2, 316, 2 के तहत आरोपी सुवर्णो घोषाल को गिरफ्तार कर, एक गाड़ी जब्त कर लिया है। वहीं किराए में लिए गए अन्य गाड़ी व आई फोन की पतासाजी की जा रही है।



### 5 लोगों से किराए में लेकर 9 लाख 59 हजार का कैमरा लेकर भागा

5 लोगों से कैमरा किराए पर लेकर भागने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। इसकी कुल कीमत 9 लाख 59 हजार रुपए बताई जा रही है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर के मुताबिक करबला कोदू चौक निवासी देवेन्द्र गुप्ता पिता कमल गुप्ता आउट डोर फोटो / वीडियोग्राफी का काम करता है। 8 जून 2025 की रात 11 बजे मोहल्ले के परिचित अब्दुल सिफ्तान उर्फ मोन्टी खान उसके घर आया है निकॉन कंपनी का कैमरा, लैंस, फ्लैश, एलईडी लाइट कीमती 2 लाख 38 हजार 500 सामान को किराए पर चलाने की बात कहते हुए लेकर गया। इसी तरह मनोज साहू, मनीष सोनी, मनीष निषाद, देवेंदर कुमार साहू से ड्रोन व कैमरा भी लिया गया लेकिन अब सामान वापस नहीं किए जा रहे हैं। पुलिस ने देवेन्द्र गुप्ता की रिपोर्ट पर अब्दुल सिफ्तान उर्फ मोन्टी खान पिता अब्दुल रहीम के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस आदिवासियों का इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करती रही

बिलासपुर। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि देश की 75 वर्षो की यात्रा में आदिवासी समाज के साथ न्याय करने का काम भाजपा ने किया है जबकि कांग्रेस आदिवासियों का इस्तेमाल सिर्फ एक वोट बैंक की तरह करती रही है।

सर्किट हाऊस में मंगलवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार के इर्द-गिर्द घुमती रही और इस परिवारवाद की राजनीति की वजह से उन्होंने कभी आदिवासी समाज को मान सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समाज के योगदान को ध्यान में रखते हुए इसे राष्ट्रीय पटल पर लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस भगवान बिरसा मुँडा की 150 वीं जयंती को समर्पित है।

- **भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ने कांग्रेस पर लगाए आरोप**

प्रेसवार्ता में भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, अनुजनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनोहर राज, अनुजनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लखन पैकरा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी केके शर्मा, मीडिया सहप्रभारी दुर्गेश पाण्डेय, सोशल मीडिया जिला संयोजक देवेश खत्री भी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय के छात्रों ने किया अमरकंटक का शैक्षणिक भ्रमण

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के बीएससी तृतीय वर्ष वनस्पति शास्त्र संकाय के छात्र-छात्राओं ने बीते दिनों अमरकंटक में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव के मार्गदर्शन तथा संकायाध्यक्ष डॉ. एसके मूर्ति के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। अमरकंटक में छात्रों ने नम और शुष्क उष्णकटिबंधीय, पर्णपाती वनस्पतियों का अध्ययन किया। यहां औषधीय पौधों, जड़ी-बूटियों, और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियां मौजूद हैं, जिनमें दहीमन, जटाशंकरी, कालमेघ, तेजराज, सफ़ेद मूसली शामिल हैं। इस क्षेत्र में प्रमुख रूप से ब्रायोफाइटा, अनावृतबीजीय पौधों एवं आवृतबीजीय पौधों के विविधता का प्रमुख रूप से अध्ययन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में वनस्पति शास्त्र संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रानू राठौर, संजीव चौहान, कल्याण सिंह नेताम, नंदलाल कुर्रे एवं प्रयोगशाला तकनीशियन राकेश कुमार जांगड़े विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला डुडगा के बच्चों ने बाल मेला का उठाया आनंद



**कोरबा।** माध्यमिक शाला डुडगा एवं प्राथमिक शाला डुडगा के संयुक्त तत्वावधान बाल मेला का आयोजन शाला परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम प्रसाद कोराम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान संकुल जेंजरा के सीएसी नंद कुमार पटेल, ग्राम के पंच, शाला परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा एवं ग्राम गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार और समाज की : पद्मिनी



**कोरबा।** बच्चे देश की धरोहर हैं और इनकी देख रेख, शिक्षा और स्वास्थ की उचित व्यवस्था करना सरकार और समाज की जिम्मेदारी है और बच्चों की जिम्मेदारी यह है कि वे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालें। सीखने, समझने और ज्ञान प्राप्त करने का कोई भी अवसर न चुकें। उक्त उद्गार शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला छुरी में आयोजित बाल मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित नगर पंचायत छुरी की अध्यक्ष श्रीमती पद्मिनी देवांगन ने व्यक्त किए। कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी को देखकर उन्होंने बच्चों की रचनात्मक क्षमता की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जबकि 65 की दर्ज संख्या में मात्र तीन शिक्षक हैं, उसमें से भी एक बीएलओ का कार्य कर रहे है संस्था में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करना बहुत ही खुशी की बात है। सभी अतिथियों ने लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और उनके द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद भी लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने कई मनमोहक नृत्य पारंपरिक परिधान प्रस्तुत किए।

## निधन

### वी एल त्रिवेदी



**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर प्लाट नंबर 199 निवासी व सीएसईबी से सेवानिवृत मेंटेनेंस आफिसर वीएल त्रिवेदी 80 वर्ष का सोमवार की शाम निधन हो गया। वे अधिवक्ता मीनू त्रिवेदी के पिता थे। अपने पीछे पत्नी व दो पुत्रियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान स्वजन समेत काफी संख्या में अधिवक्ता व परिचित उपस्थित रहे।

### गेंदराम राठौर



**कोरबा।** ग्राम नवगवाँ निवासी और पूर्व बालको कर्मी गेंदराम राठौर का भुवनेश्वर (उड़ीसा) में आज उपचार के दौरान निधन हो गया। वे बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे जिन्हें उपचार के लिए भुनेश्वर स्थित चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम नवगवां में किया गया। जिसमें उनके परिजन, सहकर्मी सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

# मेडिकल कालेज मेन रोड के किनारे बनेगी आरसीसी नाली, पानी निकासी की समस्या का होगा निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त।

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी से जुडे. 72 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कार्यों सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित लगभग 2 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। सड़क, नाली, पेयजल, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से संबंधित कार्यो एवं शासन की विभिन्न पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृत दी गई, वहीं बैठक में महापौर ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यों सहित निगम के विविध कार्यो की विस्तार से समीक्षा भी की।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 2 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृत प्रदान की गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान अधोसंरचना मद से नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यो को स्वीकृति, वार्ड क्र. 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट व नाली निर्माण, वार्ड क्र. 56 अंतर्गत दर्री जोन पीएमएवाई साईड से लाटा तालाब तक आरसीसी नाली निर्माण, पोड़ीबहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आरसीसी निर्माण, मेमन शाप से रेलवे घाट तक 100 बेड हास्पिटल के सामने आरसीसी नाली निर्माण, निगम के पं.रविशंकर शुक्लनगर कोसाबाड़ी व कोरबा जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, दर्री सर्वमंगला नगर जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, जल आवर्धन योजना संचालन संधारण कार्य, बुधवारी सर्कस मैदान स्थल पर कामर्शिलय काम्पलेक्स निर्माण संबंधी प्रस्ताव, नगर पालिक निगम केरबा क्षेत्रांतर्गत समस्त जोन अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जर्जर सड़कों का डामरीकरण संबंधी कार्य, निगम क्षेत्रांतर्गत नगरोत्थान व अधोसंरचना मद से जर्जर मुख्य सड़कों का डामरीकरण सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यो के कुल लगभग 72 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार निगम में रिक्त पदों की पूर्ति, प्लेसमेंट कर्मचारियों के पारिश्रमिक दर में वृद्धि, बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्टनगर निर्माण, बी.ओ.टी. व पी.पी.पी.मॉडल अंतर्गत एकीकृत बिल्डिंग सुविधा सहित अन्य कार्य, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना आदि सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा विस्तृत चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजयकुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, धनकुमारी गर्ग, उर्वशी राठौर, ममता यादव, भानुमति जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा व नीरज कौशिक, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, कार्यपालन राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## सियान सदन में हुआ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जागरुकता कार्यक्रम




शिविर को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम-2007 के संबंध में सियान सदन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश ने बताया कि डिजीटल गिरफ्तारी एक धोखाधडी अपराध है जिसमें कानून तोडने का झूठा आरोप लगाया जाता है जो खुद को सीमा शुल्क आयकर विभाग या केन्द्रीय जॉच अधिकारी बताते हैं उसके नाम पर रिहा करने फिरोती की मांग की जाती है। पैसा ऐठने की कोशिश करते हैं। डिजीटल एरेस्ट तोडने के संबंध में बच्चों के नाम पर झूठी धमकियॉ दी जाती है बेटे ने गलती कर दी है, पैसे दे नहीं तो, पीछे से रोने-चिखने की आवाज सुनाई जाती है। इस प्रकार की घटनाये फ्रांड होती है इनसे बचना है। मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों अभिभावकों को समर्थन करने वाली व्यवस्था की रचना जिसमें एक विशेष अधिकरण निर्धारित समय सीमा के अंदर भरण-पोषण के अधिकार को सुलभता और शीघ्रता से प्राप्त कर सकें। डिजीटल फ्रांड में आधार विवरण में ओटीपी बताने से बैंक खाते से पैसे गयाब हो जाते है। कार्यक्रम को श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सचिव कु डिंपल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबोधित किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, रामेश्वर कंवर, सुमित गुप्ता, अविनाश जायसवाल तथा अंजुला अनंत उपस्थित थे।

## भागवत कथा श्रवण से जीवन को मिलती है नई दिशा : प्रणव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुसमुंडा वैशाली नगर में केंद्रीय अध्यक्ष यादव महासभा, सोहित राम, ज्योति यादव के परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास प्रणव महराज ने भागवत कथा अंतर्गत अजामिल चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम, कृष्ण प्राकट्य उत्सव की कथा का रसपान कराया। महराज प्रणव ने कहा कि भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को जीवन जीने की एक नई दिशा प्राप्त होती है क्योंकि भागवत कथा श्रवण के बाद मनुष्य को पाप पुण्य का पूर्ण रूप से बोध होता है। जिसके बाद कई मनुष्य कुसंग कुकर्म को त्याग कर सत्संग सत्कर्म के मार्ग में आते हैं। जिससे जीवन में बदलाव होता है परिवार में शांति समृद्धि आती है। महराज ने कहा धन का सदुपयोग है धर्म का कार्य करते रहना भगवान की कृपा से धन प्राप्त है तो मनुष्य को यथा संभव परोपकार करना चाहिए। गरीब जरूरमंद लोगों की सेवा करनी चाहिए यह भी एक धर्म है। कथा के आयोजन से पूर्णतः भक्ति मय वातावरण वैशाली नगर में बना हुआ है। आयोजक यादव परिवार ने अपने पितृ कल्यार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया है। साथ ही कथा श्रवण हेतु सभी भक्तों का आहवान किया है। कथा प्रतिदिन 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की गई है।



### श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारणी घोषित गोपाल बने अध्यक्ष

**कोरबा।** श्री श्याम मित्र मंडल की कार्यकारणी घोषित की गई है। श्री श्याम मित्र मंडल में लंबे समय से चल रहे चुनाव विवाद पर सहायक पंजीयक, फर्म्स एंड सोसायटीज़, बिलासपुर ज्ञान प्रकाश साहू द्वारा 10 नवंबर को पारदर्शी एवं विधिसम्मत आदेश पारित किया गया। आदेश में सीए गोपाल अग्रवाल द्वारा 14 जुलाई को प्रस्तुत धारा 27 के अंतर्गत निर्वाचन अभिलेख, मतगणना विवरण एवं ऑनलाइन समिति सूची को विधिसम्मत पाया गया और विस्तृत परीक्षण उपरांत निम्नलिखित कार्यकारिणी को वैध एवं स्वीकृत घोषित किया गया। जिनमें अध्यक्ष गोपाल कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, सचिव महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद सिंघानिया, संयुक्त सचिव संजय कुमार केडिया, सदस्य आलोक अग्रवाल, सदस्य राज कुमार सोनी बनाए गए हैं। 7 जुलाई को मनोज अग्रवाल उर्फ़ मन्नी द्वारा प्रस्तुत समिति सूची को अभिलेखहीन, अप्रमाणित एवं नियमविरुद्ध पाए जाने पर अमान्य घोषित किया गया। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया कि 1 जुलाई के कथित चुनाव से संबंधित प्रमाणित अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत ही नहीं किए गए थे। इस निर्णय के साथ चुनाव विवाद पूर्णतः समाप्त हो गया और गोपाल अग्रवाल की कार्यकारिणी को वैधानिक अधिकार प्राप्त हो गया। यह निर्णय संस्था के इतिहास में निष्पक्षता और विधिक प्रक्रिया की जीत के रूप में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। गोपाल अग्रवाल के अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## मेगा प्रोजेक्ट के कार्यों को प्राथमिकता से समय पर पूरा करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए।

**खास बात**

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा



विभागीय कार्यों की समक्षा करते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में जारी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रों में संचालित अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। रेलवे, पावर प्लांट, एनएच एवं अन्य मेगा परियोजनाओं से संबंधित अधिकारियों को उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि राज्य स्तर पर इनकी सतत समीक्षा की जाती है, इसलिए कार्यों को प्राथमिकता से समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। रेडी-टू-ईट उत्पादन मशीन की स्थापना कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों हेतु पीडब्ल्यूडी को शीघ्र टेंडर जारी करने तथा अन्य निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को विगत कार्यकाल के वसूली प्रकरणों में कार्रवाई कर प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में वेटिंग लिस्ट के आधार पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र स्थल निरीक्षण, सुतर्रा मार्ग की मरम्मत, जुराली एनएच मार्ग तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

## भगवा चौक पर आयोजित हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार



शक्ति, भक्ति एवं एकता के प्रतीक भगवान श्रीराम के चरणों में सामूहिक रुप से श्रद्धा सुमन अर्पित करने हनुमान चालिसा का सामूहिक पाठ का आयोजन भगवा चौक रजगामार में किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य धर्म और राष्ट्र की उन्नति और भगवा चौक को आलोकित करना था। इस अवसर पर मुख्य रुप से बजरंग दल के जिला संयोजक एवं सहयोगी अमरजीत सिंह, राणा मुखर्जी, मनोज मनहर की उपस्थिति रही। इस मौके पर राणा मुखर्जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं को कहा कि आज जिस प्रकार से युवा अपने धर्म के प्रति जागरुक हो रहे हैं निश्चित ही आने वाले समय में एक नया युग का निर्माण होगा। इस अवसर पर कमलाकांत शर्मा, मनोज तिवारी, श्री राजवाड़े, जगदीश डडसेना, रामविलास पाल, संतोष साहू, श्यामू राठौर, दीपक अग्रवाल, रामकिशोर साहू, मनोज साव, प्रवीण राठौर, सौरभ अग्रवाल, रवि कंवर, अरुण शर्मा, धनंजय चौहान, राकेश चौहान, राजेश चौहान, राजेन्द्र वस्त्राकार, घनश्याम, राजू सर्वा, कौशल चौरसिया आयुष साहू, होमेश पटेल, अभय चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री से बांकीमोंगरा में 50 बिस्तर अस्पताल की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



नवगठित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में चिकित्सा को लेकर अत्यंत समस्या बनी हुई है। जिससे आमजनों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है, इलाज के लिए लोगों को 30 किमी दूर कोरबा व 20 किलोमीटर दूर कटघोरा अस्पताल जाना पड़ता है। विशेष करके प्रसूति सेवाएं, आपातकालीन उपचार, बाल चिकित्सा, वृद्धजनों की देखभाल व गंभीर रोगों के उपचार के लिए लोगों को दूरी यात्रा करना पड़ता है। इसके अलावा समय के अभाव के कारण समय उपचार नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए लगभग 50 बिस्तर अस्पताल की अति आवश्यक है, इससे न केवल आम जनताओं को समय पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होगी बल्कि आपात स्थितियों में भी जनहानि को रोका जा सकती है। 50 बिस्तर अस्पताल बनने से ग्रामीण व स्थानीय जनताओं के जीवन-रक्षक साबित होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल को 50 बिस्तर अस्पताल की स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य व चिकित्सा मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया और आश्वासन दिया गया है कि इस प्रस्ताव को आगामी सत्र में स्वीकृति प्रदान कर 50 बिस्तर अस्पताल बनाया जाएगा।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को किया संबोधित

# छतीसगढ़ पब्लिक स्कूल में कब बुलबुल उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा दो दिवसीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन छतीसगढ़ पब्लिक स्कूल झाबर दीपका में किया गया। छात्रों ने कब बुलबुल के सिद्धांत कोशिश करो को आत्मसात किया। कब बुलबुल उत्सव में स्थानीय प्राथमिक शालाओं से लगभग दो सौ छात्रों की भागीदारी हुई। ये छात्र कब बुलबुल के तौर पर पहली बार इस तरह के किसी आवासीय शिविर में सम्मिलित हुए। प्रवेश से लेकर गोल्डन एरो तक के पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई।

ध्वज शिष्टाचार, बड़ी सलामी, विशाल गर्जना, टोली विभाजन, कलरव, लाल फूल, बुलबुल ग्रीटिंग, जंगल बुक, पक्षियों के गीत, शिविर ज्वाल, विभिन्न प्रकार के रोचक खेल, जुम्बा जैसी गतिविधियों में कब बुलबुल ने भागीदारी की। ग्रैंड कैंप फायर के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधकारी एवं जिला आयुक्त (स्काउट) ताम्रेश्वर उपाध्याय रहे। श्री उपाध्याय ने कहा कि कब बुलबुल उत्सव एक ऐसा आयोजन है जहां छात्र खेल- खेल में नैतिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इस तरह के शिविर से अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और आपसी सहयोग की भावना उत्पन्न होती है। अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आयुक्त (गाइड) डा. फरहाना अली, छतीसगढ़ पब्लिक स्कूल की संचालक मनोरा लकड़ा, अशासकीय विद्यालय प्रबंधन संघ के अध्यक्ष अक्षय दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी उपस्थित रहीं। समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक दीपका प्रेमचंद साहू रहे। कब बुलबुल उत्सव का संयोजन छतीसगढ़ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं एएलटी लीडर एसआर अमित द्वारा किया गया। कब बुलबुल उत्सव की लीडर ऑफ कोर्स नमिता श्यामकुंवर कड़वे थीं। कब मास्टर नोहर चन्द्रा, राजकुमार वैष्णव, फ्लॉक लीडर सविता लता, आसमा कुरैशी ने सहायक शिविर संचालक के तौर पर सहयोग प्रदान किया। प्रतिभागी विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं प्रभारी शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित

**कोरबा।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित है। जिले के 41 सहकारी समितियों के 65 धान उपार्जन केन्द्रो में माध्यम से किसानों से धान उपार्जन किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी जीएस कंवर ने बताया कि सोमवार 17 नवम्बर को जिले में 2 किसानों से कुल 57.2 क्विंटल धान की खरीदी की गई। उन्होंने बताया कि पाली के बक्साही सहकारी समिति में 30 क्विंटल एवं उतरदा समिति में 27.20 क्विंटल धान खरीदी हेतु टोकन जारी किया गया है।



## खबर संक्षेप



### रविन्द्र पराशर चुने गए स्टेट बार काउंसिल के मेंबर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र कुमार पराशर स्टेट बार काउंसिल के मेंबर निर्वाचित हो चुके हैं। जैसे ही उनके समर्थकों को यह सूचना मिली और उनके समर्थक व अधिवक्ता बड़ी संख्या में फूल माला लेकर पहुंचे और उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद वर्तमान चुनाव में निर्धारित कोटा 523.20 का रहा है, जिसमें वर्तमान तक कुल पांच प्रत्याशियों ने कोटा पूरा किया है, जिसमें जिले से प्रत्याशी रविंद्र कुमार पाराशर के द्वारा निर्धारित कोटा पूर्ण कर निर्वाचित हो गए हैं और निर्धारित कोटा के अलावा 44 सरप्लस वोट इस राउंड में उन्हें मिला था। जिससे कि वर्तमान में निर्वाचित 5 सदस्यों में पूरे प्रदेश में दूसरे पायदान पर सर्वाधिक वोटों की संख्या प्राप्त करने वाले प्रत्याशी हो गए हैं।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 14 पदक



**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए आयोजित चौथी ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर जिले एवं पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला का मान बढ़ाया है। विद्यालय की छात्रा अस्मिता ने तैराकी में 3 स्वर्ण पदक, रिया ने 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक और आरुशी ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्र नरेश, नमन, घाशी और साहिल ने 1-1 रजत पदक प्राप्त किया. कक्षा 10वीं के छात्र नारद ने शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाते हए रजत पदक प्राप्त किया साथ ही कक्षा 8वीं की छात्रा प्रज्ञा ज्योति ने लॉन टेनिश में कांस्य पदक प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 18 सदस्यीय दल ने प्रतिभाग किया एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

### महिला कल्याण समाज ने बच्चों व बुजुर्गों को बांटे कंबल व पाठ्य सामग्री



**कोरबा।** सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए महिला कल्याण समाज इंदिरा विहार ने श्रद्धा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों और बुजुर्गों को सहायता सामग्री दी। महिला कल्याण समाज एसईसीएल बिलासपुर द्वारा ग्राम फुलवारी में सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद बच्चों को पाठ्या व खाद्य सामाग्री तथा बुजुर्गों को कंबल शाल बिस्किट्स वितरित किया गया। संस्था की सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी ने बताया कि समाज सेवा हमारे संगठन की प्राथमिकता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर किए जाएंगे। इस मौके पर श्रीमती रेहाना खान, श्रीमती कविता घोष, सुप्रभा आचार्य, सरोज वस्त्रकर, कृति गंगाजली, सरिता पार्टले, जागिता रानी, माया राव, राधा सिंह, कीर्ति साहू , सरला शर्मा, एंजेलिना राज, अमित जायसवाल, लिपि दास गुप्ता, वंदना कुमारी, सरिता चौहान, बृहस्पति कश्यप, भारती सिंह, सीमा दिघरस्कर, राखी कोस्टा, प्रभास शुक्ला कविता, प्रीति, रवि, आभा पांडे, रजनी श्रीवास, नागमणि राव, संतोषी मेहता का योगदान रहा।

### चार दिनों में 7 केंद्रों में 396 क्विंटल की खरीदी

# धान खरीदी का चौथा दिन, 58 केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी को शुरु हुए 4 दिन बीत चुके हैं इतने दिनों में केवल 7 केंद्रों में ही 396 क्विंटल धान खरीदा गया है। 11 किसानों ने धान बेचा है। शेष 58 उपार्जन केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार है। समिति कर्मियों के हड़ताल से काम पर ना लौटने के कारण कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी का जिम्मा संभाल लिया है। खरीदी के दौरान सभी 7 केंद्रों में टोकन काटने से लेकर तौल कराने के मामले में विभागीय अधिकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

**खास बात**

- कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने संभाला खरीदी केंद्र का जिम्मा

प्रदेश में 15 नवंबर से धान की खरीदी शुरु हुई है इसके तहत जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में केवल 2 खरीदी केंद्रों से पहले दिन ही 40 क्विंटल धान खरीदी की बोहनी हुई थी इसमें कोरबा विकासखंड के ग्राम सोनपुरी लैम्प्स में 10 क्विंटल एवं पाली ब्लॉक के पाली उपार्जन केंद्रों में 30 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। 15 नवंबर से शुरु हुई धान खरीदी में 18 अक्टूबर तक जिले के 7 उपार्जन केंद्रों में खरीदी का खाता खुल चुका है और इन सभी 7 केंद्रों को मिलाकर 3 सौ क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं 58 उपार्जन केंद्रों को अभी भी बोहनी का इंतजार बना हुआ है। इन केंद्रों में विभागीय अधिकारियों ने खरीदी की जिम्मेदारी संभाल तो ली है किंतु धान नहीं आने के कारण खाली बैठे नजर आ रहे हैं। प्रदेश में जबसे धान खरीदी शुरु हुई है उसके इतिहास में पहली बार लैम्प्स के कर्मचारियों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है जिससे निपटने के लिए सरकार ने सहकारिता विभाग, खाद्य विभाग एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए एस्मा लगा दिया गया है और वहीं दूसरी ओर हड़ताल में शामिल डाटा एंट्री ऑपरेटर लैम्प्स प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही शुरु कर दी गई है। एक समिति प्रबंधक को बर्खाश्त करने के साथ साथ 3 प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर करा दी गई है।



रामपुर खरीदी केन्द्र।

**आउटसोर्सिंग से डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती**

हड़ताल में गए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की जगह प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से शासन ने सभी लैम्प्स में आउटसोर्सिंग के नाम से डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती शुरु की है इस प्रक्रिया के तहत सभी 65 उपार्जन केंद्रों में डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती होने लगी है। जिन्हें विपणन एवं खाद्य विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के द्वारा खरीदी के दौरान किए जाने वाली एंट्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान भी व्यवहारिक दिक्कतों का सामना डाटा एंट्री ऑपरेटर कर रहे हैं।

**बैंक द्वारा जारी की गई राशि**

| सहकारी बैंक शाखा | किसानों की संख्या | भुगतान की राशि |
|---|---|---|
| कोरबा शाखा | 03 | 1,79,096.40 रुपए |
| दीपका शाखा | 05 | 3,81,882.81 रुपए |
| पाली शाखा | 02 | 1,42,140.00 रुपए |
| बरपाली शाखा | 01 | 2,36,900.00 रुपए |
| कुल | 11 | 9,40,019.20 रुपए |

**इन केद्रों में हुई धान की खरीदी**

| खरीदी केंद्र | धान की मात्रा | | |
|---|---|---|---|
| सोनपुरी | 10 क्विंटल | भैसमा | 65 क्विंटल |
| नोनबिर्रा | 75 क्विंटल | पाली | 30 क्विंटल |
| रामपुर | 100 क्विंटल | बक्साही | 30 क्विंटल |
| | | कुल | 396 क्विंटल |

# पीएम आवास में लापरवाही, 9 नोडल अधिकारी एवं सचिव को नोटिस जारी



बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई। जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा निर्माण के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में नोडल अधिकारियों सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक को नोटिस जारी की है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने सोमवार को जिला पंचायत में जनपद पंचायत कोरबा तथा जनपद पंचायत करतला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विस्तृत समीक्षा बैठक ली। सीईओ श्री नाग ने जनमन आवास अंतर्गत ग्राम पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को दिसंबर तक हर स्थिति में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2024–25 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त आवासों को शीघ्र प्रारंभ कर प्लिंथ लेवल तक निर्माण एवं जियोटैग कराने तथा टॉप लेवल पर लंबित आवासों को एक माह के भीतर पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम किस्त प्राप्त सभी हितग्राहियों के आवासों को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ कराने तथा वर्ष 2016–23 एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी अप्रारंभ, अपूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। आवास निर्माण में न्यून प्रगति प्रदर्शित करने वाले 9 ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक तथा आवास मित्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ द्वारा दिए गए, ताकि समयबद्ध रूप से आवास पूर्णता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में जनपद पंचायत कोरबा एवं करतला के सीईओ, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, तकनीकी सहायक, पीएम आवास क्लस्टर नोडल अधिकारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कर रही काम : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी वेंडिंग जोन के सब्जी एवं फल विक्रेताओं ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को फल व सब्जियों से तौला। व्यवसायियों से उद्योग मंत्री का स्वागत करते हुए वेंडिंग जोन की सौगात दिए जाने पर उनके प्रति आभार जताया। वहीं उद्योग मंत्री ने वेंडिंग जोन का लोकार्पण किए जाने के साथ ही वार्ड क्र. 31 में 3 करोड़ 30 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात देते हुए कार्यों का भूमिपूजन किया तथा त्वरित रूप से कार्य प्रारंभ कर समय सीमा में कार्यों को पूरा करने एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर निगम द्वारा कोसाबाड़ी चैक में सड़क के किनारे बरसों से फल सब्जी की दुकान लगाकर व्यवसाय करने वालें लघु व्यवसायियों को उनके व्यवसाय के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के मद्देनजर 19 लाख 65 हजार रूपये की लागत से वेंडिंग जोन का निर्माण कराया गया है। उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वेंडिंग जोन का लोकार्पण किया तथा लघु व्यवसायियों को सुव्यवस्थित दुकानों की सौगात प्रदान की। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा की जनता ने जो प्यार, स्नेह मुझे दिया है तथा मुझ पर सदैव अपना विश्वास जताया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूँ तथा जनताजनार्दन की सेवा कर पा रहा हूँ वह सब कोरबा की जनता के प्यार व स्नेह के कारण ही संभव हुआ है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसान, मजदूर, गरीब, निर्धन, महिला, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए व्यापक पैमाने पर योजनाएं संचालित कर देश की दशा व दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाया है।



लोकार्पण करते हुए उद्योग मंत्री।

**प्रेस काम्पलेक्स में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन**

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने टीपी नगर स्थित प्रेस काम्पलेक्स में जिला खनिज न्यास मद से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे महिला एवं पुरूष शौचालय के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, संरक्षक मनोज शर्मा, किशोर शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व युगल कैवर्त, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार ई.जयंत, रामेश्वर ठाकुर, राजकुमार साह सहित वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित थे।

# किसानों के लिए ताले, उपभोक्ताओं को राशन बांटने के लिए खुले दरवाजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल में शामिल कुछ लोगों की अपनी अलग नीति है जिसका उदाहरण कटघोरा क्षेत्र की सोसायटी में देखने को मिल रहा है जहां सोसायटी के कर्मचारी किसानों के धान खरीदने के मामले में हड़ताल पर बैठे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर पीडीएस के हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण कर रहे हैं। इसे लेकर हड़ताल पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं।

**खास बात**

- कटघोरा सहकारी समिति की दोहरी नीति पर उठे सवाल

जिले में सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण जिले की समितियां किसानों के लिए काम नहीं कर रही है। वहीं दूसरी ओर हितग्राहियों के लिए उनके द्वारा काम किया जा रहा है। जहां से पीडीएस की सुविधाएं उन्हें लगातार दी जा रही है। हैरान करने वाला तथ्य यह है कि यहां के संचालक विनोद भट्ठ हैं जो कोरबा जिला सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हैं। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं को राहत के लिए यह करना पड़ रहा है। किसानों को परेशानी क्यों हो रही है, इस बारे में उनके पास सटिक जवाब नहीं है। जिले में 22 लैम्प्स ऐसे हैं जहां एक पखवाड़े तक हजारों हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण नहीं हुआ है। इस मामले में पाली अनुविभागीय अधिकारी रोहित सिंह ने जेमरा के पीडीएस दुकान में खाद्यान्न वितरण नहीं होने पर उसका समायोजन लाफा समिति में किया गया है। वहीं प्रबंधक अरुण कश्यप व विक्रेता वीरेंद्र मरावी की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की गई है। इसी तरह रतखंडी पीडीएस दुकान का संचालन भी लाफा समिति के द्वारा किया जा रहा है। यहां भी खाद्यान्न का वितरण नहीं होने पर कार्यवाही की गई है।



पीडीएस दुकान पहुंचे हितग्राही।

# पीडीएस दुकानों ने नहीं बांटा राशन, 7 एजेंसियां निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की 7 दुकानों को पूर्व संचालित करने वाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनपुरी, कोरकोमा एवं श्यांग द्वारा 1 नवम्बर से आज तक बिना किसी कारण के बंद रखा जाना पाया गया। इससे हितग्राही समय पर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सके। दुकानें बंद रखने का यह कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 5(24), 11, 12(3), 15, 16 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है, जो दण्डनीय है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई जांच में गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध कराने हेतु नई संचालनकर्ता एजेंसियों को आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। जिन एजेंसियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है उनमें धनगांव आदिवासी सेवा सहकारी समिति, अरसेना आदिवासी सेवा सहकारी, नकिया आदिवासी सेवा सहकारी समिति, चचिया आदिवासी सेवा सहकारी समिति, तौलीपाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति, पण्डरीपानी आदिवासी सेवा सहकारी समिति, कुदुरमाल आदिवासी सेवा सहकारी समिति शामिल है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लापरवाही और अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नई एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण बिना किसी बाधा के सुनिश्चित किया जाए।

**खास बात**

- एक पखवाड़े से हितग्राहियों को नहीं मिल रही थी खाद्यान्न सामग्री

### एआईआईएमएस की परीक्षा में विशाल को मिली सफलता

**कोरबा।** कुसमुंडा निवासी विशाल सिंह ने एआईआईएमएस 2025 की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 5417 रैंक हासिल किया है। विशाल ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। विशाल बचपन से ही मेधावी छात्र थे। पढ़ाई में विशाल की मां रंजू सिंह व पिता एवं बहनों का सहयोग रहा। विशाल के पिता राजदेव सिंह एसईसीएल कुसमुंडा में सावेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं तथा विशाल की छोटी बहन डॉ रोनिका सिंह रीम्स रायपुर में पदस्थ हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

**अब तक 170 डाग्स का किया जा चुका है वैक्सीनेशन**

# निगम व पशु चिकित्सा विभाग कर रहा स्ट्रीट डाग का वैक्सीनेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम एवं पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है, अब तक 170 कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है, इसके साथ ही पालतू कुत्तों के स्वामियों से अपील की गई है कि वे भी अपने कुत्तों का निःशुल्क वैक्सीनेशन पशु चिकित्सालय में ले जाकर करवा सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के परिपालन में पशुधन विकास विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार आवारा कुत्तों (स्ट्रीट डाग्स) के वैक्सीनेशन व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराए जाने की दिशा में नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम व पशु चिकित्सा विभाग की टीम के द्वारा आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर यह कार्यवाही की जा रही है तथा अब तक 170 स्ट्रीट डाग्स का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही टीकाकरण व बधियाकरण हेतु एजेंसी से अनुबंध भी किया गया है। डॉ.तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्ट्रीट डाग की फीडिंग हेतु 28 स्थान चिन्हाकित किए गए हैं तथा इन फीडिंग स्थलों पर बोर्ड लगाने का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं एक वाहन के साथ केचिंग टीम का गठन भी स्ट्रीट डाग्स को पकड़ने व नियंत्रण हेतु किया गया है। इसी प्रकार प्रगतिनगर दर्री में स्ट्रीट डाग शेल्टर हाउस का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। स्ट्रीट डाग को गोद लेकर उनका पालन पोषण करने के इच्छुक पशुप्रेमी उन्हें गोद लेने के लिए आगे आ सकते हैं, जो पशु प्रेमी स्ट्रीट डाग को गोद लेने की इच्छा रखते हैं, वे इस संबंध में अपने आवेदन निगम में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जलाराम मंदिर का स्थापना दिवस 25 को, निकलेगी शोभायात्रा

**कोबरा।** संत जलाराम मंदिर का पाटोत्सव स्थापना दिवस 25 नवंबर की 10.30 बजे मंदिर में विराजमान श्री विग्रहों का अभिषेक पूजन व आरती किया जाएगा। शाम को 3.30 बजे श्री नारायण सा मिल मुड़ापार रमेश भाई पटेल के निवास से जलाराम मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
मेडिसीन विभाग
- खून की कमी
- खून कम बनना
- सांस से संबंधित बीमारियां
- डायबीटिज
- थायराइड
- हेपेटाइटिस बी

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मैक्सिलोफेशियल विभाग
- चेहरे की चोट एवं टूटे हुए जबड़ों का ईलाज
- चेहरे की जन्मजात विकृतियों का ईलाज
- गुटखा खाने के कारण मुंह के कम खुलने का ईलाज
- लार के ग्रंथियों की विभिन्न बीमारीयों का ईलाज
- छोटे-बड़े एवं जबड़ों के टेढ़ेपन का ईलाज
- मुंह एवं चेहरे के कैंसर का ईलाज

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:–7354 411411